मईया के दर पे भक्त है आये

मईया के दर पे भक्त है आये,
करते है माँ का गुणगान,
श्रद्धा से माँ तुमको मनाये,
करते तुम्हारा सम्मान,
मईया के दर पे भक्त है आये,
करते है माँ का गुणगान.....

ध्वजा नारियल बड़ी श्रद्धा से मईया जी को चढ़ाये,
लाल चुनरीया बड़ी श्रद्धा से मईया जी को ओढ़ाये,
श्रद्धा से माँ तुमको मनाये,
करते तुम्हारा सम्मान,
मईया के दर पे भक्त है आये,
करते है माँ का गुणगान.....

लाल चुड़िया लाल बिंदिया मईया जी को चढ़ाये,
सोने का हार चांदी की पायल मईया जी को चढ़ाये,
श्रद्धा से माँ तुमको मनाये,
करते तुम्हारा सम्मान,
मईया के दर पे भक्त है आये,
करते है माँ का गुणगान.....

सच्चे दिल से तुम्हे मनाते, कथा तुम्हारी गाये,
शेरसवारी करके मईया, भक्तो के कष्ट मिटाये,
श्रद्धा से माँ तुमको मनाये,
करते तुम्हारा सम्मान,
मईया के दर पे भक्त है आये,
करते है माँ का गुणगान.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26830/title/mayia-ke-dar-pe-bhakt-hai-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |